## खबर संक्षेप

### सांसद ने नागपुर में मध्यप्रदेश के बस यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने को लिखा पत्र

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने नागपुर में बस यात्रियों और बस मालिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह सहित मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि उनकी लोकसभा क्षेत्र छिन्दवाड़ा व पान्ढुर्णा महाराष्ट्र के महानगर नागपुर से सीमा साझा करता है। महानगर होने की वजह से छिन्दवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, बैतूल जिले के नागरिक प्रतिदिन इलाज, व्यवसायिक खरीदी ट्रेन एवं हवाई यात्रा, शिक्षा प्राप्त करने के लिए नागपुर की यात्रा करते हैं। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू ने नागपुर में मध्यप्रदेश के बस स्थानक की स्थिति अत्यन्त खराब और दयनीय होने के मामले को संज्ञान में लेते हुये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह सहित मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने बताया है कि पूर्व में जबकि मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अस्तित्व में था उस समय से नागपुर में रेलवे स्टेशन के पास मध्यप्रदेश का बस स्थानक एवं डिपो संचालित था जो कि काफी बड़ी भूमि पर आज भी है। महाराष्ट्र राज्य परिवहन की बसें नागपुर में मध्यप्रदेश के बस स्थानक से आगमन प्रस्थान नहीं करती हैं, उनका अलग से बस स्थानक है।

### निगम आयुक्त ने सत्कार चौक क्षेत्र में नाली सुधार एवं सीवरेज से जोड़ने के दिए निर्देश

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त सी पी राय ने नागरिकों को हो रही परेशानियों को ध्यान में रखते हुए सत्कार चौक क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र की नालियों की शीघ्र मरम्मत कर गंदे पानी के बहाव को सीवरेज लाइन से जोड़ा जाए, ताकि सड़क से गुजरने वाले लोगों को जलभराव एवं गंदगी की समस्या का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि कार्यों में गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## सरकारी गाड़ियों में धड़ल्ले से जल रहा डीजल, अफसरों की सैर-सपाटा संस्कृति पर सवाल

# पीएम की पेट्रोल-डीजल बचाओ अपील तामिया में बेअसर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा/तामिया

**बाबा ठाकुर, मनीष गड़करी**

देश के प्रधानमंत्री ने हाल ही में कर्नाटक के एक कार्यक्रम में देशवासियों से पेट्रोलियम उत्पादों और रासायनिक खादों की बढ़ती कीमतों को लेकर चिंता जताते हुए विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की थी। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा था कि देश को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक दबाव कम करने के लिए डीजल-पेट्रोल की खपत कम करना समय की आवश्यकता है।

इसके तुरंत बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी अपने मंत्रिमंडल और अधिकारियों से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाने, अनावश्यक यात्राओं से बचने और विदेश यात्राएं कम करने की सलाह दी। लेकिन छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील में इन अपीलों का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा। यहां सरकारी विभागों में लगे वाहन आज भी पहले की तरह मनमाने ढंग से डीजल फूंकते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि सरकारी वाहनों का उपयोग केवल विभागीय कार्यों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि अधिकारियों के निजी शौक, रिश्तेदारों की सैर-सपाटे और अनावश्यक दौरों में भी धड़ल्ले से किया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब देश का प्रधानमंत्री ईंधन बचाने की बात कर रहा है, तब तामिया में सरकारी मशीनरी आखिर किस दिशा में



### तहसील कार्यालय की गाड़ियां : सीमांकन कम, घर तक सेवा ज्यादा

तामिया तहसील कार्यालय में लगे वाहन इन दिनों रेत, गिट्टी और मुरम पकड़ने की कार्रवाई, सीमांकन और जमीनी विवाद निपटाने जैसे कार्यों में उपयोग किए जा रहे हैं। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन वाहनों का सबसे बड़ा उपयोग अधिकारियों और वाहन चालकों के निजी कामों में हो रहा है। सरकारी वाहन दिनभर कार्यालयीन कार्यों के नाम पर घूमते हैं और शाम होते-होते चालकों के घरों तक पहुंच जाते हैं।सूत्र बताते हैं कि कई बार वाहन का वास्तविक उपयोग और लॉगबुक में दर्ज दौरे मेल ही नहीं खाते। यदि इन वाहनों के डीजल खर्च और वास्तविक भ्रमण का मिलान कराया जाए तो लाखों रुपये की फिजूलखर्ची उजागर हो सकती है।

### आरईएस कार्यालय : कागजों में चलता विभाग, कागजों में दौड़ती गाड़ी

तामिया तहसील में ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा (आरईएस) उपसंभाग की स्थिति और भी चौंकाने वाली बताई जा रही है। वर्षों से यह कार्यालय अधिकांशतः कागजों में संचालित हो रहा है। मनरेगा योजना के करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों की तकनीकी निगरानी भी कथित तौर पर फाइलों तक सीमित है।हैरानी की बात यह है कि जिस कार्यालय की जमीनी उपस्थिति पर सवाल उठ रहे हैं, वहां लगा वाहन लगातार डीजल खर्च कर रहा है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि वाहन का उपयोग वास्तविक निरीक्षण से ज्यादा "दस्तावेजी दौरे" पूरे करने में हो रहा है। यदि विभागीय वाहन की लॉगबुक, डीजल बिल और टूर प्रोग्राम की निष्पक्ष जांच हो जाए, तो लाखों रुपये के डीजल खर्च का बड़ा मामला सामने आ सकता है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिला प्रशासन और विभागीय कार्यपालन यंत्री ने आज तक इस कार्यालय को वास्तविक रूप से धरातल पर लाने की गंभीर कोशिश क्यों नहीं की?

### लोक निर्माण विभाग : करोड़ों के काम, लेकिन वाहन दिखाई नहीं देता

लोक निर्माण विभाग उपसंभाग की स्थिति भी कम सवालों के घेरे में नहीं है। विभाग के अंतर्गत करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य संचालित हो रहे हैं। तकनीकी निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए विभागीय वाहन उपलब्ध हैं, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि यह वाहन कार्यालय या निर्माण स्थलों पर शायद ही कभी दिखाई देता हो।ऐसे में यह आशंका और गहरा जाती है कि वाहन केवल कागजों में दौड़ रहा है, जबकि डीजल की खपत लगातार जारी है। यदि विभागीय दौरे, निरीक्षण रिपोर्ट और वाहन लॉगबुक की जांच कराई जाए तो सरकारी धन के दुरुपयोग की तस्वीर साफ हो सकती है।

### जनपद पंचायत का वाहन : मनरेगा बंद, लेकिन डीजल खर्च जारी

तामिया जनपद पंचायत कार्यालय में मनरेगा कार्यों की निगरानी के लिए वाहन लगाया गया था। लेकिन अब जबकि कई निर्माण कार्य बंद पड़े हैं और मनरेगा गतिविधियां सीमित हो चुकी हैं, तब भी वाहन लगातार डीजल खर्च कर रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि वाहन का उपयोग वास्तविक निरीक्षण की बजाय अनावश्यक आवागमन में अधिक हो रहा है। सवाल यह है कि जब कार्य ही बंद हैं, तो आखिर यह वाहन किस उद्देश्य से रोजाना दौड़ रहा है?

### वन विभाग बना सबसे बड़ा 'डीजल उपभोक्ता'?

तामिया उपवन मंडल में सरकारी वाहनों की संख्या सबसे अधिक बताई जाती है। तामिया, झिरपा, देलाखारी, सांगाखेड़ा सहित विभिन्न रेंजों में रेंजर वाहनों के अलावा वन प्रहरियों के वाहन भी उपलब्ध हैं।वन विभाग का दावा होता है कि जंगल गश्ती और वन सुरक्षा के लिए ये वाहन जरूरी हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर तस्वीर कुछ और ही बताई जा रही है। आरोप हैं कि कई वाहन जंगल गश्ती से ज्यादा निजी उपयोग में लगे रहते हैं। वहीं रेंजरों को विभाग द्वारा किराए के वाहन भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिनका उपयोग सरकारी कार्यों की बजाय निजी सैर-सपाटे में अधिक होता दिखाई देता है।यदि इन वाहनों की लॉगबुक, दौरे की प्रविष्टियों और हस्तलिपि की जांच कराई जाए, तो बड़े स्तर पर डीजल खर्च और फर्जी भ्रमण की परतें खुल सकती हैं। सूत्रों का दावा है कि कई बार एक ही दिन में ऐसे दौरे दर्ज किए जाते हैं, जिनकी वास्तविकता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

### प्रधानमंत्री की अपील बनाम तामिया की हकीकत

देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव लगातार बना हुआ है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन बचत की अपील केवल भाषण नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता मानी जा रही है। मुख्यमंत्री भी सरकारी खर्च कम करने और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की बात कर चुके हैं।लेकिन तामिया तहसील की स्थिति इन अपीलों के उलट दिखाई दे रही है। यहां सरकारी विभागों में वाहनों का उपयोग "जरूरत" से ज्यादा "सुविधा" और "प्रभाव प्रदर्शन" का माध्यम बनता जा रहा है। सरकारी धन से खरीदा गया डीजल आखिर किसके हित में जल रहा है—जनता के या अफसरशाही के?

### जांच हुई तो खुल सकते हैं बड़े राज

यदि तामिया तहसील के सभी विभागों में लगे वाहनों के डीजल खर्च, लॉगबुक, भ्रमण रजिस्टर और वास्तविक दौरे की निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो करोड़ों रुपये के सरकारी धन की बर्बादी सामने आ सकती है।विशेषज्ञों का मानना है कि वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाकर और ऑनलाइन मॉनिटरिंग लागू कर सरकारी डीजल खर्च पर नियंत्रण किया जा सकता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या प्रशासन ऐसा करने की इच्छाशक्ति दिखाएगा? आज जरूरत केवल भाषणों की नहीं, बल्कि जमीन पर अमल की है। यदि तामिया तहसील में अनावश्यक रूप से हो रहे सरकारी डीजल खर्च पर रोक लगाई जाए, तो यह न केवल छिंदवाड़ा जिले बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए मिसाल बन सकता है।प्रधानमंत्री की अपील तभी सफल होगी, जब सरकारी विभाग खुद ईंधन बचत का उदाहरण पेश करें। अन्यथा मंचों से दिए गए संदेश और जमीनी हकीकत के बीच की दूरी लगातार बढ़ती जाएगी।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी जारी, 11887 किसानों से खरीदा गया 8.13 लाख क्विंटल गेहूं



**छिन्दवाड़ा।** जिला आपूर्ति अधिकारी छिंदवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर 11887 किसानों से लगभग 08 लाख 13 हजार 454 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही 8793 किसानों के बैंक खातों में 1 अरब 24 करोड़ 60 लाख 15 हजार 264 रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया जा चुका है। शेष किसानों के भुगतान की कार्यवाही निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि जिले में अभी तक 18450 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग कराई जा चुकी है। इस प्रकार जिले में 62 प्रतिशत किसानों की स्लॉट बुकिंग हो चुकी है, जिसके विरुद्ध 40 प्रतिशत किसानों से गेहूं खरीदी पूर्ण हो गई है। शासन से प्राप्त गेहूं खरीदी लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 54 प्रतिशत मात्रा की खरीदी पूरी की जा चुकी है। जिले के विभिन्न खरीदी केंद्रों में किसानों द्वारा बुकिंग कराए गए स्लॉट के अनुसार गेहूं खरीदी निरंतर जारी है। किसानों की स्लॉट बुकिंग संख्या के अनुसार जिले में गेहूं खरीदी की अनुमानित मात्रा के लिये लगभग 30 लाख बारदानों की मांग वरिष्ठ स्तर पर की गई है। इसके क्रम में जिले को लगातार बारदाने प्राप्त हो रहे हैं। जिन किसानों की स्लॉट बुकिंग होना शेष है, उनके लिए ई-उपार्जन पोर्टल में स्लॉट बुकिंग की क्षमता बढ़ाने के लिये शासन को पत्र भी प्रेषित किया गया है, जिस पर शासन स्तर से कार्यवाही जारी है। प्रत्येक खरीदी केंद्र में पृथक रूप से कर्मचारियों की नोडल अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही प्रतिदिन राजस्व, खाद्य, कृषि, सहकारिता एवं अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा खरीदी केंद्रों का निरीक्षण एवं जांच कार्यवाही कर उपार्जन कार्य पर नियंत्रण रखा जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे स्लॉट बुकिंग तिथि के अनुसार खरीदी केंद्रों में गेहूं विक्रय के लिये अपनी उपज लेकर पहुंचे। यदि किसी कारणवश स्लॉट बुकिंग तिथि पर खरीदी नहीं हो पाती है, तो स्लॉट की अंतिम तिथि में खरीदी केंद्र से ऑनलाइन किसान तौल पर्ची अनिवार्य रूप से जारी करा लें, जिससे तौल पर्ची जारी होने के बाद आगामी 03 दिवस में गेहूं खरीदी की कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

## शहर के आस-पास आबकारी दल की कार्यवाही में कच्ची महुआ मदिरा बरामद



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में शहर के आबकारी अमले द्वारा मंगलवार सुबह छिंदवाड़ा शहर के कुकड़ा जगत, खजरी एवं ग्राम झंडा क्षेत्र में कार्रवाई की गई। आबकारी दल की इस कार्रवाई में कुल 42 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ मदिरा बरामद की गई। मामले में आरोपियों के विरुद्ध कुल 05 प्रकरण कायम करते हुए मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक श्री आकाश मेश्राम सहित संबंधित वृत्त का आबकारी अमला उपस्थित था।

# निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



नगर निगम आयुक्त सी.पी.राय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान फव्वारा चौक, गांधी प्रतिमा के आसपास, गल्ला मार्केट, राज टॉकीज, मटन मार्केट, सीएस कॉम्प्लेक्स, स्टेडियम के सामने, इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल, राजीव गांधी कॉम्प्लेक्स, गुलाबरा मेन रोड, मयूरा प्रसाद स्कूल के सामने, कमानिया गेट, इतवारी बाजार एवं पोस्ट ऑफिस क्षेत्र में फुटकर व्यापारियों द्वारा सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। नगर निगम अमले ने कार्रवाई करते हुए लगभग दस ट्रांसफार्मरों के आसपास किए गए अतिक्रमण को भी हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया। साथ ही अनाउंसमेंट के माध्यम से व्यापारियों एवं नागरिकों को दोबारा ट्रांसफार्मरों के पास अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके अतिरिक्त परासिया रोड स्थित साधी मोटर्स के पास सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत का निराकरण करते हुए संबंधित समस्या का समाधान किया गया, जिससे शिकायतकर्ता द्वारा संतुष्टि व्यक्त करते हुए शिकायत बंद कराई गई।

# चार महीने से लापता युवती का नहीं लगा सुराग

## न्याय की गुहार लेकर कलेक्टर जनसुनवाई पहुंचे पिता और भाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



छिन्दवाड़ा जिले के चौरई थाना क्षेत्र से लगभग चार महीने पहले लापता हुई युवती का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाने से परिजन गहरे आक्रोश और निराशा में हैं। मामला उस समय और गंभीर हो गया जब युवती के पिता और भाई ने चौरई पुलिस पर बदसलूकी, धमकाने और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में अर्धनग्न प्रदर्शन किया।

पीड़ित परिवार ने कलेक्टर से न्याय दिलाने और युवती की जल्द तलाश कराने की गुहार लगाई।जानकारी के अनुसार चौरई थाना क्षेत्र निवासी एक युवती करीब चार महीने पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिजनों का कहना है कि उन्होंने शुरुआत से ही पुलिस को संभावित आरोपियों और संदिग्ध लोगों की जानकारी दी थी, लेकिन पुलिस ने मामले में गंभीरता नहीं दिखाई। परिवार का आरोप है कि बार-बार थाने के चक्कर लगाने के बावजूद केवल आश्वासन दिया जाता रहा और जांच आगे नहीं बढ़ी।

पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की तो थाना प्रभारी और जांच अधिकारी ने सहयोग करने के बजाय उनसे अभद्र व्यवहार किया। परिवार का कहना है कि उन्हें बार-बार चुप रहने और ज्यादा दबाव न बनाने की चेतावनी दी गई। युवती के भाई का आरोप है कि पुलिस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है और शिकायत करने पर उन्हें ही डराया-धमकाया जा रहा है।

इसी से आहत होकर मंगलवार को पिता और भाई कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने हाथों में आवेदन और युवती की तस्वीर लेकर प्रशासन से न्याय की मांग की। जनसुनवाई में मौजूद लोगों की नजर जब उन पर पड़ी तो वहां कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। पीड़ित परिवार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने, पुलिस अधिकारियों के व्यवहार की जांच करवाने तथा युवती को जल्द तलाशने की मांग की।

परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि यदि पुलिस समय रहते गंभीरता दिखाती तो शायद युवती का अब तक पता लगाया जा सकता था। परिवार का कहना है कि चार महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस के पास कोई ठोस जवाब नहीं है, जिससे उनकी चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों ने आवेदन प्राप्त कर संबंधित विभाग को जांच के निर्देश देने की बात कही।

# पुलिस की आरती उतारकर किया विरोध प्रदर्शन

## गौ तस्करी के खिलाफ विधायक विजय चौरे का 'गांधीवादी' प्रहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

मंगलवार को मोहगांव के बैल बाजार में विधायक विजय चौरे के नेतृत्व में एक विशाल 'गौ रक्षा जन-जागरण रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक का एक अनोखा अंदाज देखने को मिला, जब उन्होंने पुलिस थाने पहुंचकर मोहगांव बैल बाजार से गोवंश की तस्करी रोकने के लिए अधिकारियों की आरती उतारी। यह प्रदर्शन न केवल चर्चा का विषय बना हुआ है, बल्कि प्रशासन के लिए एक सख्त चेतावनी भी है। सभा को संबोधित करते हुए विधायक विजय चौरे ने भावुक और कड़े शब्दों में कहा कि जितनी हमारी जन्म देने वाली माता पूजनीय है, उतनी ही गौ माता भी पूजनीय हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है=नगर मोहगांव और ग्राम सवरनी से हजारों की संख्या में गौ माता की तस्करी हो रही है, यह किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि हर उस सनातनी हिंदू और गौ प्रेमी का आंदोलन है जो गौ माता में आस्था रखता है।श्री चौरे के द्वारा अपने उद्बोधन में पांढुर्ना में प्रद्युमन प्रभारी मंत्री के सामने गोवंश तस्करी पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष की प्रशंसा की।

### भाजपा नेताओं पर साधा निशाना

विधायक चौरे ने बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो लोग गौ माता के नाम पर वोट लेकर 'ट्रिपल इंजन' की सरकार चला रहे हैं, वे ही आज तस्करी रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। उन्होंने गर्व से कहा कि आज इस आंदोलन का ही खौफ था कि बैल बाजार में एक भी तस्कर कदम रखने की हिम्मत नहीं जुटा पाया है। आज किस बाजार में जितने भी बेल लेकर आए हैं वह सभी किसान है। जबकि अन्य दिनों में गो तस्कर सेकडो की तादाद में यहां पर बल लेकर आते हैं।

### पुलिस की उतारी आरती निवेदन भी और चेतावनी भी

सभा के पश्चात विधायक चौरे, सैकड़ों महिलाओं,नगरवासियों के साथ मोहगांव पुलिस थाना पहुंचे। वहां उन्होंने गौ माता की पूजा की और पुलिस प्रशासन की आरती उतारकर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने पुलिस से दो टूक कहा कि बैल बाजार से हो रही अवैध तस्करी को तत्काल रोका जाए। उन्होंने साफ किया कि आज का प्रदर्शन केवल एक 'सांकेतिक चेतावनी' है; यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेगी। इस विशाल जन-जागरण सभा प्रदर्शन में विधायक विजय चौरे,डॉ. राजेंद्र येमदे,कैलास चौधरी,शंकर ब्रम्हे,प्रदीप इंगोले, राधेश्याम माहेश्वरी,सुभाष कलंबे,विट्ठल गायकवाड अमरीशजैसवाल,शिवमोहन शर्मा,गुलशन,गजभिये,प्रशात,महाले,नितिन ढोबले जुबेर अली,अलकेश बागड़े,एड. रामशिला सूर्यवंशी अंसार खान,अमरीश जायसवाल,जुबेर अली,आदि थे।

### कलेक्टर ने सुनी 169 आवेदकों की समस्यायें

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 169 आवेदकों की समस्यायें सुनी ।

## अंतरराष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री के जरिए 80 यूरोपीय देशों तक पहुंचेगा छिंदवाड़ा का ग्रामीण पर्यटन

# पर्यटन ग्रामों की बढ़ी वैश्विक पहचान, अब शूटिंग के लिए पहुंची स्पेन की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा जिले की प्राकृतिक सुंदरता, आदिवासी संस्कृति और ग्रामीण पर्यटन अब देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। जिले के पर्यटन ग्रामों में लगातार विदेशी सैलानियों का आगमन बढ़ रहा है और अब यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की डॉक्यूमेंट्री शूटिंग होने से छिंदवाड़ा को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिल रही है। यह जिले के लिए गौरव का विषय है कि विदेश से आई टीम ने यहां के गांवों, परंपराओं और प्राकृतिक स्थलों को अपने कैमरे में कैद कर दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास किया है।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी के नेतृत्व एवं अपर प्रबंध संचालक श्री अभय अरविंद बेडेकर के मार्गदर्शन में प्रदेश के ग्रामीण पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रूरल टूरिज्म ऑफ द वर्ल्ड नामक इंटरनेशनल टेलीविजन सीरीज़ की शूटिंग के लिए स्पेन की टीम छिंदवाड़ा पहुंची। टीम ने तीन दिन तक जिले के सावरवानी, धूसावानी, चिमटीपुर और तामिया क्षेत्र में प्रवास कर यहां की पर्यटन गतिविधियों, ग्रामीण जीवन, आदिवासी संस्कृति और पातालकोट क्षेत्र की विशिष्ट परंपराओं का फिल्मांकन किया है।

विशेष रूप से पातालकोट में संपन्न आदिवासी विवाह की पारंपरिक रस्मों, स्थानीय लोकजीवन, प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन ग्रामों की अनूठी जीवनशैली को कैमरे में कैद किया गया। यह डॉक्यूमेंट्री अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ग्रामीण एवं इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई जा रही है। स्पेन की कलर्स कम्युनिकेशन ग्रुप द्वारा निर्मित इस प्रोजेक्ट का प्रसारण लगभग 80 यूरोपीय देशों में किया जाएगा, जिससे छिंदवाड़ा के पर्यटन स्थलों को विश्वभर में नई पहचान मिलेगी। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन एवं जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार के मार्गदर्शन में जिले के पर्यटन ग्रामों में शूटिंग के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं । स्पेन से आए श्री जुआन मार्टिनेज फ्रूटोस, श्री एडुआर्डो निसा वाज़क्वेज़ और श्री लुइस पेसेरो ज़ाम्ब्रानो ने टूरिज्म बोर्ड के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय टीम के सहयोग से विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। ग्रामीणों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत और स्थानीय संस्कृति की जीवंत झलक से विदेशी टीम काफी प्रभावित नजर आई।

## सांसद विवेक बंटी साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण हुए शामिल

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 144 जोड़ों ने रचाई शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ





मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत चौरई एवं बिछुआ जनपद द्वारा दशहरा मैदान बिछुआ में विशाल सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अनूठे अयोजन में क्षेत्र के कुल 144 जोड़ो ने भाग लिया। विशेष बात यह रही की सभी जोड़ो का विवाह उनकी अपनी परंपराओं एवं रीति रिवाजों के अनुसार एक ही पंडाल में संपन्न कराया गया। समारोह में आदिवासी,वैदिक,बौद्ध,एवं अन्य परंपरागत विधि विधानों से विवाह कराए गए। जिसने सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विविधता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।पारंपरिक ढोल नगाड़ों और बैंड बाजों की धुन पर भव्य बारात निकाली गई,दशहरा मैदान में बनाए गए विशाल पंडाल में बारातियों का एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। समारोह के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण पारंपरिक रस्मो और धार्मिक विधि विधानों के बीच सभी जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। सीईओ जनपद पंचायत बिछुआ श्री गौरव तिवारी एवं चौरई सीईओ श्री तरुण रहंगडाले ने बताया कि कुल 144 जोड़ो ने इस विवाह सम्मेलन में भाग लेने हेतु पंजीयन कराया। इस अवसर पर क्रमशः पूर्व विधायक श्री पंडित रमेश दुबे,चौरई विधायक श्री सुजीत सिंह चौधरी,एवं सांसद श्री विवेक बंटी साहू जी ने विवाह समारोह को संबोधित किया। इस दौरान मुख्य रूप से सांसद श्री विवेक बंटी साहू,विधायक श्री सुजीत सिंह चौधरी,पूर्व विधायक श्री पंडित रमेश दुबे,जिला पंचायत सदस्य लखन कुमार वर्मा,जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल,जिला मंत्री गोलू नागरे,एसडीएम प्रभात मिश्रा,जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी,उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,जनपद अध्यक्ष चौरई श्रीमती सरोज/राधेश्याम रघुवंशी,पूर्णिमा जैन,सिरपत नायक, दानसिंह पटेल,बिछुआ न.प.अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे,भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,गोपाल कवरेती,नीरज ठाकुर,विजेंद्र ठाकुर,धरम वर्मा,रामकांत पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल,वरिष्ठ नेता रामसिंह पटेल,बलवीर डेहरिया,कुंडलीक परतेती,महिपाल चोपड़े,कीर्ति करमेले, झीठो बाई धुर्वे,गीता चोपड़े,दीपिका चोपड़े,बिंदुमती मालवीय,बबलू आरगुड़े,दीपक चोपड़े,बलदेव बोबडे,राजेश रघुवंशी,हिम्मतराम सोनी,रविन्द्र संगोड़े,भरत धावड़े,प्रमोद श्रीवास,जितेंद्र सोनी,शिवराज चौरे,समेत पत्रकार बंधु प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## सूर्यवंशी शासकीय सेवक वेलफेयर सोसायटी छिंदवाड़ा के जिला संयोजक नियुक्त



**छिंदवाड़ा।** शासकीय सेवक वेलफेयर सोसायटी छिंदवाड़ा की आयोजित साधारण सभा बैठक में सर्वसम्मति से मोहित सूर्यवंशी को सोसायटी का जिला संयोजक नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर सोसायटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ दीं। सोसायटी के अध्यक्ष सतीश गोंडाने ने कहा कि मोहित सूर्यवंशी लंबे समय से सामाजिक, शैक्षणिक एवं तकनीकी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। युवाओं एवं विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, शिक्षा एवं जागरूकता से जोड़ने में उनका योगदान सराहनीय रहा है। उनकी कार्यशैली एवं संगठन क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। नवनियुक्त जिला संयोजक श्री मोहित सूर्यवंशी ने कहा कि वे सोसायटी के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने, शासकीय सेवकों के हितों से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में सोसायटी जिले में नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगी तथा विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं समाजहित से जुड़े रचनात्मक कार्यक्रमों का विस्तार होगा।

# खुले में गेहूं खरीदी, कारीडोंगरी उपार्जन केंद्र में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



पगारा क्षेत्र की कारीडोंगरी में सेवा सहकारी समिति के द्वारा खुले उपार्जन केन्द्र में गेहूं की खरीदी की जा रही है , जबकि जिला कलेक्टर ने आए दिन मौसम के बिगड़ने को लेकर खुले में गेहूं खरीदी नहीं करने को लेकर सख्त आदेश जारी किये हैं , लेकिन कारीडोंगरी समिति के द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है । जबकि आए दिन आंधी - तूफान आ रहा है और बारिश हो रही है । गेहूं लेकर आ रहे कुछ किसानों ने बताया , कि खरीदी केंद्र में कलेक्टर के निर्देशानुसार गर्मी को देखते हुए पीने के पानी एवं छांव की व्यवस्था होना चाहिए , लेकिन कोई व्यवस्था नहीं है । यह भी पता चला है कि कई किसानों की गेहूं की बोरी में किलो दो किलो मिट्टी भी आती हैं , लेकिन समिति के द्वारा किसान से मिट्टी के बदले राशि लेकर 50 किलो की रकम चढ़ाई जाती है । वहीं किसानों में समिति प्रबंधक की कुछ व्यक्तिगत आदतों से नाराजगी भी है । ज्ञात हो , कि कारीडोंगरी समिति के उपार्जन केन्द्र में दर्जन भर से अधिक गांवों के किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने आ रहे हैं । समिति के द्वारा गत 22 अप्रैल से गेहूं की खरीदी की जा रही है । इस मामले में जब समिति प्रबंधक का पक्ष जानने के लिए कई बार फोन लगाया गया लेकिन उन्होंने काल ही रिसीव नहीं किया ।

## क्या सरकार के साथ जिम्मेदार प्रशासनिक अमला भी सोया हुआ है:- नकुलनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भाजपा की सरकार में अब नया भ्रष्टाचार प्रारम्भ हुआ है, उपार्जन केन्द्रों पर अनाज के साथ पंजीयन भी बिक रहा है। खरीदने वाले भी तैयार बैठे हैं। सरकार और जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी गहरी निद्रा में है। इन्होंने ना जागने की कसम खाई है फिर चाहे किसान पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट ही क्यों ना चढ़ जाए। उक्त बयान जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ उपार्जन केन्द्रों पर बिक रहे पंजीयन को लेकर व्यक्त किए। उन्होंने अव्यवस्थाओं पर सरकार को जमकर घेरते हुए कहा कि यह भाजपा सरकार में जन्म लिया हुआ नया भ्रष्टाचार है जो नया कीर्तिमान हासिल कर रहा।

उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराने सर्वर डाउन की समस्या का सामना करते-कराते किसान भाई किसी तरह सफल हुए तो उन्हें उपार्जन केन्द्रों पर भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा। पहले तो गेहूं की खरीदी ही एक माह देरी से प्रारंभ हुई जिसके चलते छिन्दवाड़ा-पांढुर्ना सहित सम्पूर्ण मप्र में अव्यवस्थाएं फैल गई। स्लॉट बुकिंग में समस्या और केन्द्रों पर फैली अव्यवस्थाओं से जूझते हुए अन्नदाता के लिए सरकार ने नया भ्रष्टाचार प्रारंभ कर दिया। उपार्जन केन्द्रों पर अब सिर्फ गेहूं नहीं बल्कि पंजीयन भी बिकने लगा। जबकि 65 प्रतिशत पंजीकृत किसान अपनी उपज बेचने नहीं पा रहे, भाजपा की सरकार तो पूरी तरह से सोई हुई है, वह जनता की समस्याओं से बेखबर है। प्रश्न यह उठता है कि क्या जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी भी सोए हुए हैं ? इसलिये उन्हें अव्यवस्थाएं और यह नया भ्रष्टाचार नजर नहीं आ रहा। उपार्जन केन्द्रों पर प्रशासन से अधिक उन व्यापारियों का कब्जा नजर आ रहा है जो भाजपा के विशेष कृपा पात्र है, इसीलिये कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। किसानों से पंजीयन खरीदकर व्यापारी का गेहूं बेचना बड़ी प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर रहा है जो इस ओर भी इशारा करता है कि कहीं ना कहीं संरक्षण प्राप्त वर्ग ही इस तरह के कार्यों में लिप्त होकर किसानों का हिस्से पर भी डाका डाल रहा है।

उन्होंने लिंगा सेवा सहकारी समिति का उल्लेख करते हुए कहा कि जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देते हुए अविलम्ब जिले के अन्य खरीदी केन्द्रों पर भी औचक निरीक्षण कर सत्यता की जांच करनी चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि अन्य खरीदी केन्द्रों पर ऐसा ना हो रहा हो। जिला मुख्यालय से लगे उपार्जन केन्द्र की यह स्थिति साफ बयां कर रही है कि दूर दराज के उपार्जन केन्द्रों पर किसान भाई किस तरह लुट रहा होगा। कांग्रेस सतत रूप से किसान भाइयों की आवाज उठा रही है और आगे भी उठाती रहेगी, क्योंकि वर्तमान सरकार ने अत्याचार के मामलों में अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ दिया है।

## विद्यार्थियों ने आधुनिक AI टूल्स का किया ज्ञानार्जन एवं प्रमाण पत्र किया प्राप्त

**छिंदवाड़ा।** तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से शासकीय सेवक वेलफेयर सोसायटी छिन्दवाड़ा द्वारा एआई (**Artificial Intelligence**) आधारित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोनी कंप्यूटर एजुकेशन, छिंदवाड़ा में किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर विद्यार्थियों सोसाइटी एवं सोनी कंप्यूटर के माध्यम से प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में सोसायटी के अध्यक्ष श्री सतीश गोंडाने ने कहा कि आज का समय आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी का युग है और आने वाले समय में एआई हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है। उन्होंने कहा कि सोसायटी हमेशा कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के हित में सकारात्मक और नवाचारपूर्ण पहल करती रहेगी। इसी उद्देश्य से बच्चों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि वे डिजिटल युग में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। सचिव श्री अरविन्द भट्ट ने बताया कि सोसायटी भविष्य मे लोकसेवकों के बच्चों के लिए तकनीकी, शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। साथ ही शीघ्र ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मोहित सूर्यवंशी ने प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए सोनी कंप्यूटर एजुकेशन के प्रशिक्षकों एवं प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एआई आधारित प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को नई तकनीकों को समझने एवं डिजिटल युग में आगे बढ़ने का अवसर मिला है।

## कोटवार संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**वारासिवनी।** कोटवार वेलफेयर सोसायटी संघ भोपाल की तहसील वारासिवनी इकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों ने तहसीलदार वारासिवनी वंदना मसराम को एक ज्ञापन सौंप कर कोटवारों को शासन द्वारा दी जाने वाली वर्दी की राशि उनके खातों में हस्तांतरित करने की मॉग की है। तहसीलदार को दिए गए ज्ञापन में लिखा गया है कि वर्ष 2025 तक प्रदेश के समस्त जिले एवं तहसील में नियमित रुप से वर्दी के लिए राशि हस्तांतरित की जाती थी। लेकिन वर्ष 2026 में कुछ जिलों में शासन द्वारा रेडीमेड वर्दी का वितरण किया गया, जिसकी गुणवत्ता अत्यंत घटिया थी, कपड़ा कमजोर, रंग फीका एवं सिलाई निम्न स्तर की थी, जिसे पहन कर शासकीय कायर्क करना संभव नहीं है। संघ ने मॉग की है कि पूर्व की भॉति वर्ष 2025 तक की व्यवस्था को लागू करते हुए वर्दी एवं अन्य सामग्री की राशि समस्त कोटवारों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की जावे।

# गोलीबारी चौक में ट्रांसफार्मर में भीषण आग, ब्लास्ट की आवाजों से दहशत

## रात 11 बजे अचानक ट्रांसफार्मर में लगी आग, इलाके में मचा हडक़ंप, रात भर बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगर के गोलीबारी चौक में रविवार रात्रि लगभग 11 बजे उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया, जब जनपद पंचायत वारासिवनी के नवनिर्मित काम्प्लेक्स के पास लगे हुए ट्रांसफार्मर में अचानक आग भडक़ उठी। आग लगते ही ट्रांसफार्मर से जोरदार ब्लास्ट की आवाजें आने लगी, जिससे रात में घूम रहे लोगों के कदम अचानक थम गए और क्षेत्र में दहशत फैल गई।

ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद उसकी उठती हुई बड़ी बड़ी लपटों और उसमें से निकलती हुई चिंगारियों के कारण किसी भी व्यक्ति की हिम्मत उसे बुझाने के लिए आगे जाने की नहीं हो रही थी। इस घटना की सूचना नागरिकों द्वारा तत्काल नगरपालिका परिषद के दमकल विभाग को दी गई, सूचना मिलते ही दमकल विभाग प्रभारी सूरज करकाड़े अपने दल बल के साथ फायर ब्रिगेड लेकन तत्काल स्थल पर पहुॅचे।

लेकिन जब उन्होंने विद्युत केबल में आग लगी हुई देखी और विद्युत विभाग के अमले के नही पहुॅचने के कारण विद्युत प्रवाह भी बंद नहीं किया गया, तो दमकल कर्मचारी आग बुझाने के लिए आगे पीछे सोचने लगे। क्योंकि पानी की बौछार जलते हुए ट्रांसफार्मर में मारने पर रिटर्न करंट आने की संभावना थी। लेकि उसके बावजूद भी कर्मचारियों ने पहले रेत की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया और फिर पानी से आग पर काबू पाया। जिससे एक बड़ी दुर्घटना होते होते बच गई।

ट्रांसफार्मर में आग लगने और लगातार हो रही ब्लास्टिंग के बाद आसपास के क्षेत्रों की बिजली अचानक गुल हो गई। भीषण गर्मी के बीच बिजली बंद होने से लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। इस बीच विद्युत मंडल के अधिकारियों को भी घटना की सूचना दी गई, लेकिन लगभग एक घंटे बाद विद्युत मंडल के कर्मचारीगण घटना स्थल पर पहॅुचे, तब तक फायर ब्रिगेड द्वारा आग पर काबू पा लिया गया था।

उसके बाद विद्युत मंडल के कर्मचारियों ने सुधार कार्य प्रारंभ किया। लगभग डेढ़ बाद थोड़ा सुधार कार्य हुआ और चंद मिनटों के लिए बिजली आई, लेकिन फिर कोई फाल्ट हो जाने के कारण बिजली बंद हो गई। तो फिर पूरी रात बिजली नहीं आई। जिसके कारण वार्ड नम्बर 10, 11, 12 व 13 के नागरिकों को भीषण गर्मी के बीच पूरी रात जागते हुए बितानी पड़ी। सुबह लगभग 8 बजे बिजली आने पर नागरिकों ने राहत की सॉस ली।

# उकवा में क्रिकेट का महाकुंभ: UPL नाइट टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज़, 7 टीमें मैदान में



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** उकवा के मॉयल ग्राउंड में 11 मई को UPL नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। उकवा के इतिहास में दूसरी बार हो रहे इस नाइट टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह है,आधी रात तक क्रिकेट प्रेमी मैदान में डटे रहे, और इस मैच का लुत्फ लिया।

इस भव्य टूर्नामेंट का शुभारंभ चौकी प्रभारी आकाश शर्मा, फुटबॉल संघ के जिला उपाध्यक्ष जेम्स बारीक, सोनपुरी सरपंच सुनील उईके, ASI विनोद ठाकुर, शिक्षक मदन गेडाम, डॉ. चिंतामन बिसेन और मुख्य आयोजक अनिरुद्ध चंदेल ने रिबन काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

अन्ना 11, अहिल 11, रजत रोड लाइंस11, उकवा बस्ती 11, रॉयल लॉ असेंबली11, ठन्डर बोल्ट टाइटंस11 ,और अव्यान 11 की टीमें नारंगी, नीली और अन्य रंगों की जर्सी में मैदान पर उतरीं। टीम ओनरशिप 21,000/- और पंजीयन 300/- रखा गया है।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता को 51,000 नगद चमचमाती ट्रॉफी व उपविजेता को 31,000 नगद चमचमाती ट्राफी एवं अनेक आकर्षक व्यक्तिगत पुरस्कारों से नवाजा जाएगा।

आज पहला मैच अव्यान 11 ओर रजत 11 के मध्य हुआ इसमें अव्यान 11 ने आठ ओवरों में 85 रनों का लक्ष्य रखा और रजत 11 को 66 रनो पर मैदान से बाहर होना पड़ा,दूसरा मैच आहिल 11 ओर रॉयल लॉ असेंबली के मध्य हुआ जिस्म आहिल 11 ने 5 विकेट के नुकसान पर 81रन बनाए ओर आहिल 11 को 78 रनों पर शांत होना पड़ा,तीसरा मैच थंडर बोल्ट 11 और अन्ना 11 के बीच हुआ जिस्में थंडर बोल्ट ने 85 रनों का लक्ष्य रख कर अन्ना 11 को 35 रनों पर हार चखा दिया,चौथा मैच अन्ना 11 ओर उकवा बस्ती के मध्य हुआ जिसमें अन्ना 11 ने 94 रनो का लक्ष्य रखा और उकवा बस्ती को 6 विकेट के मुस्कान पर महज 62 रनो पर ही मैदान से बाहर कर दिया।

आयोजन को सफल बनाने में कुणाल धुर्वे, ऋषि मिश्रा, देवेंद्र हनवत, ललित साहू और राकेश सर्पा ,प्रदीप यूरकुडे,विजय नायक,विश्वेश्वर लांजेवार, संदीप रौतेल,का विशेष सहयोग रहा।

# पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, दो आरोपी भाई गिरफ्तार

## लांजी पुलिस की कार्रवाई, धारदार हथियार व डंडा जब्त कर आरोपियों को भेजा न्यायालय



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** थाना लांजी क्षेत्र अंतर्गत भानेगांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार और डंडा भी जब्त कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। जानकारी के अनुसार टेकरीटोला भानेगांव निवासी 21 वर्षीय प्रदीप ठाकरे उर्फ छोटू ने थाना लांजी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी का कार्य करता है। करीब एक वर्ष पूर्व उसने बालू ठाकरे के यहां काम करना बंद कर दिया था, जिसके चलते आरोपी उससे रंजिश रखता था। बताया गया कि 1 मई 2026 की रात लगभग 1:30 बजे प्रदीप अपने रिश्तेदारों के यहां आयोजित शादी समारोह से वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में बालू ठाकरे और शुभम ठाकरे ने उसे अकेला पाकर रोक लिया। दोनों आरोपियों ने पहले उसे अश्लील गालियां दीं और फिर अचानक हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी बालू ठाकरे ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला किया, जिससे प्रदीप को गंभीर चोटें आईं। वहीं शुभम ठाकरे ने लकड़ी के डंडे से मारपीट की। जाते-जाते दोनों आरोपियों ने पीड़ित को धमकी देते हुए कहा कि इस बार तो बच गया, अगली बार जान से खत्म कर देंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ओमप्रकाश के निर्देशन में थाना लांजी पुलिस ने तत्काल आरोपियों की तलाश शुरू की। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने बस स्टैंड लांजी के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बालू उर्फ शिवप्रकाश ठाकरे (26) एवं शुभम ठाकरे (24), निवासी भानेगांव के रूप में हुई है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दीप सिंह परमार सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लांजी में चोरों का आतंक: बोलेगांव दुर्गा मंदिर में सेंध, चांदी का मुकुट-छत्र ले उड़े बदमाश

## लगातार मंदिरों को निशाना बना रहे चोर, ग्रामीणों में दहशत; पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल





**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। एक के बाद एक मंदिरों को निशाना बनाकर बदमाश ग्रामीणों की आस्था पर चोट पहुंचा रहे हैं। ताजा मामला ग्राम बोलेगांव स्थित दुर्गा मंदिर का है, जहां अज्ञात चोरों ने देर रात मंदिर का ताला तोड़कर माता दुर्गा का चांदी का मुकुट और चांदी का छत्र चोरी कर लिया। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश और भय का माहौल व्याप्त है।

प्रगतिशील दुर्गा समिति के अध्यक्ष ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 10 मई की रात रोजाना की तरह मंदिर को रात 9 बजे विधिवत बंद कर ताला लगाया गया था। इसके बाद 11 मई की दरमियानी रात करीब 12:15 बजे भोजन करने के बाद वे प्रतिदिन की तरह पैदल भ्रमण करते हुए दुर्गा चौक पहुंचे। वहां मंदिर का दरवाजा आधा खुला देख उन्हें संदेह हुआ। पास जाकर देखा तो मंदिर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था। मंदिर के भीतर प्रवेश करने पर पूजा सामग्री बिखरी पड़ी थी और माता दुर्गा का चांदी का मुकुट एवं छत्र गायब था। यह देखकर उन्होंने तत्काल गांव के सरपंच पति अनिल भारद्वाज और उपसरपंच सुनील कालबेलें को सूचना दी।

सूचना मिलते ही गांव के कई लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने मंदिर परिसर और आसपास के संभावित स्थानों पर देर रात तक चोरी गए सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। इसके बाद समिति अध्यक्ष अपने साथियों के साथ थाना पहुंचे और अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है। धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने से लोगों में गहरा रोष है।

बोलेगांव की यह घटना कोई पहली वारदात नहीं है। इससे पूर्व ग्राम मोहझरी में भी चोरों ने एक साथ तीन मंदिरों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी थी। लगातार बढ़ रही ऐसी घटनाओं ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो चोरों का आतंक और बढ़ सकता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइक से टकराया जंगली सुअर, युवक गंभीर रूप से घायल

**कटंगी।** कटंगी से बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर मंगलवार की सुबह साढ़े 10 बजे एक सड़क हादसा हुआ। वन्य प्राणी जंगली सुअर अचानक सड़क पर आ गया और सामने से आ रही बाइक से टकरा गया। इस टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान कटेधरा निवासी लखन नेवारे के रूप में हुई है। हादसे में उसका दाहिना पैर टूट गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण ने तुरंत उसे सरकारी अस्पताल कटंगी पहुँचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने स्थिति गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया। घायल को बेहोशी की हालत में अस्पताल लाए जाने के कारण घटना के वक्त साथ कौन था वह कहा जा रहा था। इसकी पुष्टि नहीं हो पाई परिजनों की माने तो उन्हें भी इस बात की जानकारी नहीं है।

## खबर संक्षेप



**सिवनी।** नगर के प्रथम प्राचीन श्री शनि मंदिर रेलवे क्रॉसिंग छिंदवाड़ा रोड में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री शनि जयंती दिनांक 16 मई को ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष उदया तिथि अमावस्या भरणी नक्षत्र दिन शनिवार को प्रातः पूजन अर्जन के साथ अभिषेक से प्रारंभ होगी। सहस्त्रधारा अभिषेक प्रातः 6 बजे शुरू होकर तत्पश्चात श्रृंगार आरती होगी। शाम 4:00 बजे हवन महा आरती के बाद सायं 7:00 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। नगर के सभी धर्म प्रेमी बंधु भगिनियों से विनम्र आग्रह है कि अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाएं।

### ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, बाइक व मोबाइल जप्त

**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना बरघाट पुलिस द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 11.05.2026 को कनिष्ठ अभियंता नरेन्द्र कुमार ठाकरे, म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. बरघाट द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम मंडी छुई टोला में स्थापित 25 केव्हीए का ट्रांसफार्मर Make-JAY BEE INDUSTRIES, क्रमांक 2516/454 से रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा करीब 100 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना बरघाट में अपराध क्रमांक 254/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बरघाट श्री ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस द्वारा विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। मुखबिर सूचना पर ग्राम मानेगांव रोड स्थित मोक्षधाम के पास से तीनों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि तेल निकालते समय ट्रांसफार्मर फट गया था, जिससे शेष ऑयल मौके पर ही गिर गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया 30 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल बरामद किया गया।

## 13 मई: जन्मोत्सव पर विशेष लेख

# शांति, प्रेम और मानवता के अग्रदूत श्री श्री रवि शंकर जी

दुनिया को 'वसुधैव कुटुंबकम' (संपूर्ण विश्व एक परिवार है) के सूत्र में पिरोने वाले, 'आर्ट ऑफ लिविंग' के संस्थापक और वैश्विक आध्यात्मिक गुरु, श्री श्री रवि शंकर जी का जन्मोत्सव हर वर्ष 13 मई को पूरे विश्व में 'सेवा और साधना दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उनका संपूर्ण जीवन मानवता के कल्याण, मानसिक शांति और हिंसा मुक्त समाज के निर्माण के लिए समर्पित है।


### प्रारंभिक जीवन और आध्यात्मिक यात्रा

13 मई 1956 को तमिलनाडु के पापनाशम में जन्मे श्री श्री रवि शंकर जी बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। मात्र चार वर्ष की आयु में उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ करना प्रारंभ कर दिया था। उन्होंने वैदिक ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक विज्ञान (भौतिकी) में भी स्नातक की उपाधि प्राप्त की, जो उनके विचारों में प्राचीन ज्ञान और आधुनिक तर्क का एक अनूठा संगम दर्शाती है।

'आर्ट ऑफ लिविंग' और सुदर्शन क्रिया का उदय वर्ष 1981 में उन्होंने 'आर्ट ऑफ लिविंग' (जीने की कला) फाउंडेशन की स्थापना की। कर्नाटक के शिमोगा में दस दिनों के मौन के दौरान उन्हें 'सुदर्शन क्रिया' का आत्मबोध हुआ। यह श्वास की एक ऐसी लयबद्ध तकनीक है, जो शरीर और मन के तनाव को गहराई से दूर करती है। आज 180 से अधिक देशों में करोड़ों लोग इस क्रिया के माध्यम से अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुके हैं।

### विश्व शांति और सामाजिक सुधार के स्तंभ

श्री श्री केवल एक आध्यात्मिक शिक्षक ही नहीं,




बल्कि एक महान शांतिदूत भी हैं। **उनके द्वारा किए गए प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं:**

द्वंद्व समाधानः कोलंबिया के गृहयुद्ध से लेकर इराक, हाथी और कश्मीर जैसे अशांत क्षेत्रों में उन्होंने शांति वार्ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**मानवीय सेवाः** शिक्षा, ग्रामीण विकास, और नदी पुनरुद्धार जैसे क्षेत्रों में उनके संस्थान ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं।

कैदी पुनर्वासः जेल के कैदियों के मानसिक परिवर्तन के लिए चलाए गए उनके कार्यक्रमों ने लाखों अपराधियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है।

### अहिंसा और तनाव मुक्त समाज का संदेश

गुरुदेव का मानना है कि ₹तनाव मुक्त मन और हिंसा मुक्त समाज₹ हर मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है। उनका सरल संदेश है कि जब तक हमारा मन शांत नहीं होगा, हम विश्व में शांति स्थापित नहीं कर सकते। वे कहते हैं— ₹प्रेम और सेवा ही जीवन का वास्तविक सार है।₹

### हमारा संकल्प

आज उनके जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में ध्यान, प्राणायाम और सेवा को अपनाएंगे। श्री श्री रवि शंकर जी का जीवन हमें सिखाता है कि किस प्रकार एक मुस्कुराहट के साथ बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है।

**मानवता का उत्सव ही मेरा उत्सव है।**
**— श्री श्री रवि शंकर**

# किक बॉक्सिंग : सिवनी ने जीते 4 गोल्ड सहित 7 पदक



**सिवनी।** इंदौर स्थित किड्स कॉलेज में 08 से 10 मई 2026 तक आयोजित 2nd एमपी स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में सिवनी जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 गोल्ड, 2 सिल्वर एवं 1 ब्रॉन्ज सहित कुल 7 पदक अपने नाम किए एवं जिले का गौरव बढ़ाया। द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी के फाउंडर एवं मुख्य प्रशिक्षक तथा जिला किकबॉक्सिंग संघ सचिव निकेश पद्माकर ने बताया कि प्रतियोगिता में अथर्व कौरव ने जूनियर वर्ग के -69 कि.ग्रा. भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लाइट कॉन्टैक्ट एवं किक लाइट दोनों स्पर्धाओं में गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं प्रद्युम्न उईके ने सीनियर वर्ग के -63 कि.ग्रा. भार वर्ग में लाइट कॉन्टैक्ट स्पर्धा में गोल्ड एवं किक लाइट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसी प्रकार अनुप्रिया कौरव ने सीनियर वर्ग के -60 कि.ग्रा. भार वर्ग में लाइट कॉन्टैक्ट स्पर्धा में गोल्ड एवं किक लाइट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। धैर्य विश्वकर्मा ने ओल्डर कैडेट वर्ग के -47 कि.ग्रा. भार वर्ग की किक लाइट स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। सभी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के कोच योगेश नाविक के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में सहभागी बने। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेलप्रेमियों एवं जिलेवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# पंचायत डोरली छतरपुर में पंचायत अभिलेख गायब होने के मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

**सिवनी,** जनपद पंचायत सिवनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत डोरली छतरपुर के पंचायत अभिलेख गायब होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी डूडा सिवनी को एफआईआर दर्ज कर विस्तृत जांच करने के निर्देश जारी किये गये हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डोरली छतरपुर निवासी श्री साजिद खान द्वारा पंचायत से संबंधित शिकायत लोकायुक्त भोपाल में की गई थी। उक्त शिकायत की जांच के दौरान ग्राम पंचायत के आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं पाए गए। जांच में यह तथ्य सामने आया कि तत्कालीन सचिव स्वर्गीय भगवत प्रसाद चंद्रवंशी के पास पंचायत के अभिलेख थे, जिनका 13 सितंबर 2025 को आकस्मिक निधन हो गया था।

वर्तमान सरपंच श्रीमती सरोज पटेल एवं प्रभारी सचिव श्री सुनील पटेल द्वारा भी जांच दल को अवगत कराया गया कि पंचायत के दस्तावेज तत्कालीन सचिव के पास ही थे। किंतु जांच के दौरान ग्राम पंचायत कार्यालय में संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं मिले, जिससे मामला और अधिक गंभीर हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सिवनी ने थाना प्रभारी डूडा सिवनी को पत्र जारी कर पंचायत कार्यालय से अभिलेख गायब होने के संबंध में एफआईआर दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जांच प्रतिवेदन शीघ्र जनपद पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है।प्रशासन की इस कार्रवाई को पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं अभिलेखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# नवागत कलेक्टर नेहा मीणा के आते ही 3 माह बाद जागे अधिकारी, शिकायत पर हुई जांच

## बरघाट में निर्माणाधीन छात्रावास भवन की 11 मई 2026 को हुई जांच

**सिवनी।** जिले के बरघाट विकासखंड अंतर्गत बरघाट में करोड़ों रुपए की लागत से ट्राइवल विभाग से स्वीकृत शासकीय आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास बिल्डिंग बनाई जा रही है। बिल्डिंग की गुणवत्ता और अनियमितताएं की शिकायत सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में लगातार शिकायत कर प्रशासन को निर्माण कार्य एजेंसी लापरवाही से अवगत कराया गया है।

शिकायतकर्ता बलराम नाग ने बताया कि उसके द्वारा 3 माह से लगातार शिकायत की जा रही है। पहली शिकायत माह 14 फरवरी 2026 से अप्रैल 2026 तक सीएम हेल्पलाइन और 4 बार जनसुनवाई में सिवनी कलेक्टर को लिखित शिकायत दी गई है। नवागत कलेक्टर नेहा मीणा को अप्रैल माह में दी गई शिकायत के बाद 11 मई 2026 को सीनियर कन्या छात्रावास बिल्डिंग बरघाट की जांच करने पहुंचे अधिकारी डीडी उपाध्याय एसडीओ ने शिकायतकर्ता बलराम नाग के समक्ष जांच कर निर्माण स्थल से बिल्डिंग में उपयोग किए जा रहे मटेरियल के सैंपल जांच के लिए साथ में ले गए। जांच के दौरान निर्माण कार्य एजेंसी ठेकेदार के समक्ष जांच पूर्ण कर जांच पंचनामा कार्यवाही की गई है ।

**जांच अधिकारी ने मटेरियल के सैंपल साथ ले गए**

बरघाट में निर्माणाधीन आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास भवन की जनसुनवाई में शिकायत के बाद 11 मई 2026 सोमवार की शाम को बरघाट पहुंची जांच टीम ने शिकायतकर्ता बलराम नाग के समक्ष सभी बिंदुओं पर जांच कर पंचनामा कार्यवाही की गई। शिकायतकर्ता ने जांच अधिकारी को अवगत कराते हुए बताया कि



उसके द्वारा 14 फरवरी 2026 से लगातार शिकायत की गई है सीएम हेल्पलाइन में एक बार और जनसुनवाई में 4 बार शिकायत की गई है चौथी शिकायत के बाद जांच हो रही है, मौके पर उपस्थित जांच दल ने सभी बिंदुओं पर जांच करते हुए बिल्डिंग का निरीक्षण किया। शिकायतकर्ता बलराम नाग ने जांच अधिकारी एसडीओ डीडी उपाध्याय को बताया कि निर्माण स्थल पर टेस्टिंग लैब नहीं है, बिल्डिंग निर्माण में अलग अलग कंपनी की सीमेंट का इस्तेमाल किया गया है, बिल्डिंग की दीवार उठने के एक दिन बाद ही प्लास्टर कर दिया गया, दीवार की तराई ना होने के कारण दीवार मजबूत नहीं हो पाई है, और बताया कि मिट्टी युक्त रेत का इस्तेमाल किया गया है, दीवार उठाने घटिया सीमेंट ईट का इस्तेमाल किया गया है, बिल्डिंग की दीवार में की गई छपाई पूर्ण रूप से मजबूत नहीं है। बिल्डिंग निर्माण में अनेकों अनियमितताएं है, बिल्डिंग निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल से बिल्डिंग मजबूत नहीं बन पाई है। शिकायत के आधार पर जांच अधिकारी ने निर्माण स्थल से बिल्डिंग में उपयोग किए जा रहे मटेरियल के सैंपल जांच के लिए साथ में ले गए। जांच अधिकारी ने बिल्डिंग के सामने दीवार में हुई छपाई को देख नाराजगी जताई है और दीवार पर हाथ लगाते ही सीमेंट रेत का मसाला झड़ने लगा था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पहली शिकायत के 3 माह बाद जांच होने के कारण निर्माण कार्य एजेंसी ठेकेदार को साक्ष्य मिटाने का मौका मिलने से जांच से शिकायतकर्ता पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। फरवरी माह में शिकायत के तुरंत बाद जांच होती तो कई खामियां सामने आती। हालांकि जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता को आश्वस्त करते हुए कहा कि जांच निष्पक्ष होगी। शिकायतकर्ता बलराम नाग ने जिला कलेक्टर से की गई शिकायत पर निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग की गई है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 : आमगांव, सारसडोल, सिल्लोर और खखरा में "मेरा वाटर बैंक" निर्माण कार्य का शुभारंभ

**कुरई :** जल संरक्षण और भूजल संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद पंचायत कुरई अंतर्गत ग्राम पंचायत आमगांव, सारसडोल, सिल्लोर एवं खखरा में "मेरा वाटर बैंक" निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान वर्ष 2026 के अंतर्गत जनभागीदारी से किया जा रहा है।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत आमगांव के सरपंच श्री रामलाल उईके, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय डहेरिया, उपयंत्री अमित वरकड़े सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उपस्थित वक्ताओं ने जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इस योजना की महत्वपूर्ण भूमिका बताई।अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय डहेरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि "मेरा वाटर बैंक" योजना का उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण कर भूजल स्तर को बढ़ाना तथा भविष्य में संभावित जल संकट से बचाव करना है। उन्होंने बताया कि यह निर्माण कार्य जनभागीदारी मॉडल पर आधारित है, जिससे ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।उन्होंने बताया कि प्रत्येक "मेरा वाटर बैंक" का आकार 2×2×1.5 मीटर (लंबाई, चौड़ाई एवं गहराई) रखा गया है। एक वाटर बैंक में वर्षाकाल के दौरान लगभग 45 हजार लीटर पानी रिचार्ज होने की क्षमता रहेगी, जिससे आसपास के क्षेत्र में भूजल स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और ग्रामीण विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।





# गायत्री परिवार केवलारी का रेलवे स्टेशन केवलारी पर निःशुल्क RO जल प्याऊ का शुभारंभ

**जल ही जीवन है, जल सेवा ही सच्ची मानव सेवा है₹**

आज गायत्री परिवार केवलारी एवं कामधेनु गौशाला बगलई के संयुक्त तत्वावधान में केवलारी रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क RO वॉटर प्याऊ का भव्य शुभारंभ हुआ। इस पुनीत कार्य की शुरुआत परमपूज्य गुरूदेव, वंदनीय माता जी एवं गायत्री माता के स्मरण के साथ की गई।

रेलवे स्टाफ के वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय स्टेशन मास्टर सहित समस्त स्टाफ, रेल यात्रियों एवं गायत्री परिवार के समर्पित स्वयंसेवकों ने एक-दूसरे एवं उपस्थित यात्रियों को शीतल जल पिलाकर इस सेवा का श्रीगणेश किया। गर्मी से बेहाल यात्रियों के चेहरों पर ठंडा पानी पीते ही मुस्कान लौट आई। जिन यात्रियों के पास पानी की बोतल नहीं थी, उन्हें स्वयंसेवकों ने RO के ठंडे जल से भरी बोतलें भेंट कीं। हमारे सेवा-योद्धा प्लेटफॉर्म पर ही नहीं रुके, ट्रेन के पास जाकर भी यात्रियों को जल पिलाया। इस दौरान 2 रेलगाड़ियों के यात्रियों को सेवा दी गई जिसमें लगभग 20 RO केन पानी का उपयोग हुआ। यात्रियों ने इस सेवा के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# केएफ रुस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित हुए लखनादौन एसडीओपी अपूर्व भलावी

## 14 लाख रुपये के ईनामी माओवादी संदीप की गिरफ्तारी में दिखाया था साहसिक कौशल

### एसडीओपी अपूर्व भलावी मुख्यमंत्री से पुरस्कार प्राप्त कर हुए गौरवान्वित

**सिवनीः** बालाघाट पदस्थापना के दौरान 14 लाख रुपये के ईनामी माओवादी संदीप को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लखनादौन एसडीओपी अपूर्व भलावी को राज्य स्तरीय केएफ रुस्तमजी पुरस्कार से मुख्यमंत्री ने सोमवार को सम्मानित किया है। प्रतिबंधित माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य संदीप की गिरफ्तारी अभियान में लखनादौन के वर्तमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अपूर्व भलावी ने उच्च कोटि की व्यावसायिक दक्षता व पुलिस कौशल का परिचय दिया था। उनकी सजगता व अचूक रणनीति के परिणाम स्वरूप प्रतिबंधित माओवादी संगठन द्वारा भविष्य में की जाने वाली कई संभावित हिंसक घटनाओं पर सफलतापूर्वक अंकुश लगाया जा सका। इस साहसिक कार्य के लिए उन्हें वर्ष 2021-22 के 'के.एफ. रुस्तमजी' पुरस्कार की परम विशिष्ट श्रेणी में चयनित किया गया था। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने 11 मई को भोपाल में आयोजित समारोह में एक रिवाल्वर व प्रशस्ति-पत्र देकर एसडीओपी अपूर्व



भलावी को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया है। एसडीओपी की उपलब्धि से समूचे पुलिस महकमे के साथ जिले में हर्ष व्याप्त है।

### नक्सल उन्मूलन में दिया था महत्वपूर्ण योगदान

पुलिस महानिदेशक कार्यालय से 6 जून 2025 को जारी 51 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की पुरस्कार सूची में लखनादौन एसडीओपी अपूर्व भलावी का चयन केएफ रूस्तमजी पुरस्कार 2021-2022 में परम विशिष्ट श्रेणी में प्रथम स्थान में किया गया था। बालाघाट पदस्थापना के दौरान नक्सल उन्मूलन अभियान में विशेष योगदान देने पर उनका चयन इस सम्मानित पुरस्कार के लिए हुआ है। उल्लेखनीय है कि परम विशिष्ट श्रेणी सूची में अपूर्व भलावी के अलावा अन्य तीन पुलिस अधिकारियों के नाम शामिल हैं। वर्ष 2019 से 2023 तक बालाघाट सीएसपी, परसवाड़ा एसडीओपी तथा नक्सलवाद के खिलाफ विशेष रूप से गठित हाक फोर्स दल में सहायक सेनानी रहे अपूर्व भलावी ने नक्सल उन्मूलन के खिलाफ कई अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 10 अगस्त 2021 को कान्हा नेशनल पार्क से लगे ग्राम जैरासी थाना बिरसा जिला बालाघाट में माओवादियों के विरुद्ध चलाए गए आपरेशन में एसडीओपी अपूर्व भलावी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके फलस्वरूप खटिया मोचा दलम के सक्रिय माओवादी संदीप कुंजाम (26) को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई थी। संदीप पर तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र में कुल 14 लाख का इनाम घोषित था। संदीप की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ से माओवादियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर माओवादियों के विरुद्ध चलाए गए आपरेशन में लगातार पुलिस को सफलता प्राप्त हुई।

### ब्राडगेज रेल संघर्ष की मांग की पुर्ति -रेल्वे ने रोड का निर्माण कार्य चालू किया

**केवलारी** - दीपक कुमार गुप्ता डिविजनल रेल्वे मेनेजर दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे नागपुर का इतवारी से नैनपुर स्पेशल दौरा कार्यक्रम की जानकारी लगने पर रमाशंकर महोबिया अध्यक्ष ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति एवं पवन यादव अधिवक्ता ने डीआरएम सर से फोन पर निवेदन कर स्पेशल ट्रेन को केवलारी-स्टेशन मे रुकवाकर रेल्वे स्टेशन केवलारी-की समस्याओं से अवगत कराते हुये ज्ञापन सौपा गया था।ज्ञाप की कंडिका क्रमांक 4 में स्पष्ट उल्लेख किया था कि केवलारी अंडरब्रिज के किनारे से विनैकी मार्ग तक रेल्वे की रोड है जिसकी लम्बाई 500 मीटर के लगभग है भारी वाहनों का आवागमन स्कूल बसो का आवागमन इसी मार्ग से होता है,वर्तमान स्तिथि मे यह रोड पूरी तरह उखड़ चुकी है,रेलवे की रोड होने के कारण इस मार्ग में नगरपरिषद काम नहीं कर सकती है ।



### युवती के चरित्र पर लांछन और समाज के प्रति अपमानजनक टिप्पणी का आरोप

# विधायक प्रतिनिधि अनीस खान की अभद्र टिप्पणी से हिंदू समाज में आक्रोश

## लालबर्रा थाने का घेराव और मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत पांढरवानी के सरपंच एवं विधायक प्रतिनिधि अनीस खान के विवादित बोल ने क्षेत्र में सांप्रदायिक और सामाजिक तनाव पैदा कर दिया है। एक युवती के चरित्र पर लांछन लगाने और हिंदू समाज के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में मंगलवार को पूरा लालबर्रा क्षेत्र आंदोलित नजर आया। सर्व हिंदू समाज संगठन के आह्वान पर हजारों की संख्या में नागरिकों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया और आरोपी विधायक प्रतिनिधि के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की।

**बैठक के बाद जनसैलाब ने घेरा थाना:** घटना के विरोध में मंगलवार, 12 मई को दोपहर 12 बजे पवार मंगल भवन में सर्व हिंदू समाज की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने अनीस खान के व्यवहार को घोर आपत्तिजनक और सामाजिक समरसता बिगाड़ने वाला बताया। बैठक के पश्चात आक्रोशित जनसमुदाय एक विशाल रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए लालबर्रा थाने पहुंचा। प्रदर्शनकारियों ने थाना परिसर में जमकर नारेबाजी की और सरपंच अनीस खान को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ गए। काफी देर तक थाने में गहमागहमी और तनाव की स्थिति बनी रही।

**क्या है पूरा घटनाक्रम:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामला 10 मई का है। ग्राम पंढरापानी (रानीकुठार) में एक वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था, जहां देवगांव के पूर्व सरपंच विनोद ठाकरे और युवती के अन्य परिजन मौजूद थे। आरोप है कि इसी दौरान वहां पहुंचे विधायक प्रतिनिधि अनीस खान ने सार्वजनिक रूप से एक 19 वर्षीय युवती के बारे में अत्यंत भ्रामक, अपमानजनक और चरित्रहीनता से जुड़ी बातें कहीं। इतना ही नहीं, जब लोगों ने इसका प्रतिवाद किया, तो खान ने हिंदू समाज को लेकर भी अपमानजनक और अभद्र टिप्पणियां कीं, जिससे वहां उपस्थित लोगों की धार्मिक और सामाजिक भावनाएं आहत हुईं।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला, SDOP ने संभाला मोर्चा:** थाने में बढ़ते तनाव और उग्र होती भीड़ की सूचना मिलते ही वारासिवनी एसडीओपी अभिषेक चौधरी तत्काल लालबर्रा पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उन्हें शांत कराया और आश्वस्त किया कि कानून अपना काम कर रहा है। प्रार्थी विनोद ठाकरे की शिकायत और जनभावनाओं को देखते हुए पुलिस ने अनीस खान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 296(बी), 351(2) और 352 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस प्रशासन ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है और साक्ष्यों के आधार पर अगली कार्यवाही की बात कही है।

**विधायक अनुभा मुंजारे की छवि पर लग रहा दाग :** इस पूरे घटनाक्रम ने क्षेत्रीय राजनीति में भी हलचल तेज कर दी है। क्षेत्र में चर्चा है कि विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, जो अपनी स्वच्छ और सरल छवि के लिए जानी जाती हैं, उनके प्रतिनिधियों के ₹बेलगाम₹ रवैये के कारण उनकी साख धूमिल हो रही है। आम जनमानस में यह संदेश जा रहा है कि विधायक के संरक्षण में उनके प्रतिनिधि अहंकारी और बड़बोले हो चुके हैं। गौरतलब है कि यह अनीस खान का पहला विवाद नहीं है। अभी कुछ दिन पूर्व ही जिला पंचायत की सामान्य सभा में अनीस खान ने जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार और अन्य सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार किया था, जिसकी काफी निंदा हुई थी। वह मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि युवती को अपमानित करने और समाज विरोधी टिप्पणी का नया विवाद खड़ा हो गया।

**जनता में आक्रोश - प्रतिनिधियों का व्यवहार असहनीय:** क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से विधायक प्रतिनिधियों के विवादित ऑडियो वायरल होने, जनता व जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार करने और आम जनता को डराने-धमकाने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि विधायक ने समय रहते अपने प्रतिनिधियों पर अंकुश नहीं लगाया, तो आगामी समय में उन्हें भारी राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। फिलहाल, लालबर्रा में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

# NEET परीक्षा रद्द: पेपर लीक से छात्रों में निराशा, व्यवस्था में सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में 3 मई को नीट की परीक्षा देने वाले लगभग 3 हजार परीक्षार्थी पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने की खबर से निराश है। साल भर की कड़ी मेहनत के बाद परीक्षा दे चुके छात्र अब मानसिक दबाव और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि बार-बार होने वाली इन घटनाओं से उनका भविष्य दांव पर लग गया है।

विद्यार्थियों ने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा के लिए वे प्रतिदिन 8 से 12 घंटे पढ़ाई करते हैं। कनिष्ठ जायसवाल ने बताया कि उनका पेपर बहुत अच्छा गया था और उन्हें चयन का पूरा भरोसा था, लेकिन अब सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

अरबिया खान के अनुसार, नीट जैसी कठिन परीक्षा को दोबारा देना छात्रों पर मानसिक और पढ़ाई का दोहरा बोझ डालता है। भूमिका चौरागढ़े ने पिछले वर्षों का हवाला देते हुए कहा कि 2024 में लीक, 2025 में कठिन प्रश्नपत्र और अब 2026 में फिर से लीक की घटनाओं ने छात्रों का मनोबल तोड़ दिया है।



कोचिंग संचालक संदीप सोनगढ़े ने इसे भ्रष्टाचार बताया। उन्होंने सवाल उठाया कि इतनी उच्च स्तरीय सुरक्षा के बावजूद पेपर कैसे लीक हो सकता है। संस्थान संचालकों और अभिभावकों ने सरकार से मांग की है कि दोबारा परीक्षा आयोजित करने से पहले सुरक्षा के अभेद्य इंतजाम किए जाएं और दोषियों को ऐसी सजा दी जाए जो भविष्य के लिए नजीर बने।

उल्लेखनीय है कि 3 मई को बालाघाट के 8 केंद्रों पर नीट परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 3028 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 2930 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। अब इन सभी छात्रों को दोबारा परीक्षा की प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिससे उनमें भारी आक्रोश और निराशा व्याप्त है।

## 2 मई तक 12421 क्विंटल चना की हुई खरीदी

**बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा दलालों एवं बिचौलियों के शोषण से बचाने के उद्देश्य से प्रदेश शासन द्वारा रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी की व्यवस्था की गई है। बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर चना उपार्जन के लिए गोदाम स्तर पर 08 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, जहां किसानों से निर्धारित दर पर चना खरीदा जा रहा है।

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले में 12 मई 2026 तक कुल 641 किसानों से 12 हजार 421 क्विंटल चना खरीदा जा चुका है। खरीदे गए चने का कुल मूल्य 07 करोड़ 29 लाख 74 हजार 981 रुपए है, जिसका भुगतान किसानों को नियमानुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए जिले के कुल 2609 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिले में चना खरीदी का कार्य 30 मार्च 2026 से प्रारंभ किया गया है तथा किसानों से 5875 रुपए प्रति क्विंटल की दर से चना खरीदा जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समर्थन मूल्य पर चना खरीदी 28 मई 2026 तक जारी रहेगी।

## जिले के 191 तीर्थ यात्री जाएंगे मथुरा-वृंदावन

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के वरिष्ठ नागरिक जिनमें 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के व्यक्ति शामिल हो (महिलाओ को 02 वर्ष की छूट) तथा जो आयकर दाता नही हो को प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न तीर्थ स्थानों में से एक या युग्म तीर्थों की यात्रा सुलभ कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत आगामी 25 जुलाई को बालाघाट से मथुरा-वृंदावन तीर्थ यात्रा के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी। इसमें बालाघाट जिले के 191 तीर्थ यात्री शामिल होंगे।

### पूर्व विधायक जायसवाल ने दिया कार्यवाही का आश्वासन

# ठेकेदार की मनमानी के खिलाफ मटन मार्केट के व्यापारियों ने की जनसुनवाई में शिकायत

### निर्धारित दर से अधिक रकम वसूल रहा ठेकेदार, नहीं देने पर देते है धमकी



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा संचालित बैठकी व मवेशी बाजार में बाजार ठेकेदार द्वारा मनमानी वसूली की जा रही है। इस वसूली के लिए ठेकेदार के कर्मचारी गुंडागर्दी कर रहे है और वह दुकानदारों को डरा धमका कर वसूली कर रहे है। जो दुकानदार उनके द्वारा मॉगी गई राशि नहीं देता है, वह उसके साथ बदसलूकी करने के साथ ही उसे बाजार में दुकान लगाने से रोक देते है। जिससे दुकानदार बेहद परेशान है।

**मटन मार्केट के दुकानदारों ने की शिकायत:** ठेकेदार की गुंडागर्दी के खिलाफ नगर के वार्ड नम्बर 8 अयोध्या बस्ती के पास संचालित बाजार क्षेत्र के मटन मार्केट में दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने मंगलवार को एक लिखित शिकायत नगरपालिका में संचालित हो रही जनसुनवाई में नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे व पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल के समक्ष लिखित रुप से उठाई है। बताया जाता है कि उनकी शिकायत के बाद उन्हें निराकरण का सिर्फ आश्वासन ही मिला है।

**वाहन खड़े रखने के व दुकान के 40-40 रुपये मॉगता है ठेकेदार:** इन दुकानदारों द्वारा जनसुनवाई में की गई लिखित शिकायत के अनुसार वह सभी वर्षो से चिकन/मटन विक्रय का व्यापार कर रहे है। इसके पहले वाले ठेकेदार द्वारा व्यापार से संबंधित वाहन खड़े किए जाने पर किसी प्रकार की अतिरिक्त वसूली नहीं की जाती थी, किंतु वर्तमान ठेकेदार द्वारा खड़े हुए वाहनों की जबरन अतिरिक्त वसूली की जा रही है। वहीं दुकान के भी 20 रुपये के स्थान पर 40 रुपये वसूल किए जा रहे है।

**वसूली के दौरान गाली गलौच कर धमकी देते है कर्मचारी:** ठेकेदार के कर्मचारियों से पीड़ित दुकानदारों ने चर्चा में बताया कि पहले ठेकेदार द्वारा वसूली में गाली गलौच नहीं की जाती थी, लेकिन वर्तमान ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा वसूली के दौरान एक तो दोगुनी राशि वसूली जा रही है और नहीं देने पर गाली गलौच कर धमकी दी जाती है। जिससे हम सब दुकानदार बेहद परेशान है। ठेकेदार के कर्मचारी कहते है कि हमने ठेका महॅगा लिया है, इसीलिए तुम्हे अधिक रकम देनी होगी।

**मॉस मटन की दुकानों से लेना है सिर्फ 30 रुपये:** दुकानदारों का कहना है कि यदि ठेकेदार ने ठेका महॅगा लिया है, तो यह उसकी गलती है, उसके लिए दुकानदार क्या कर सकते है? वह हमसे नगरपालिका द्वारा निर्धारित दर से ही वसूली करे। नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा मॉस मटन बेचने वाली दुकानों से 30 रुपये प्रति दुकान निर्धारित की गई है, इसके अलावा और कोई भी शुल्क इन दुकानदारों से नहीं लिया जा सकता है। लेकिन ठेकेदार द्वारा उनके सामग्री लाने वाले खड़े वाहनों से भी 40 रुपये की मॉग की जाती है और नहीं देने पर जबरदस्ती गाली गलौच और धमकी देकर राशि ली जाती है।

# रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा "स्नेह आहार" का वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा क्लब के सक्रिय सदस्य रोटेरियन धनेंद्र राहंगडाले के पूज्य पिताजी स्वर्गीय श्री बसंत राहंगडाले जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला अस्पताल बालाघाट में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए "स्नेह आहार" कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस सेवा कार्य के अंतर्गत क्लब द्वारा फल, भोजन एवं बिस्किट का वितरण किया गया। क्लब ने इस सेवा पहल को "स्नेह आहार" नाम देते हुए जरूरतमंदों तक प्रेम, सहयोग और मानवता का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्यों ने स्वर्गीय श्री बसंत राहंगडाले जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अस्पताल में उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों ने रोटरी क्लब की इस पहल की सराहना की।

कार्यक्रम में स्वर्गीय श्री बसंत राहंगडाले जी की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा राहंगडाले, पुत्र रोटेरियन धनेंद्र राहंगडाले एवं विहान राहंगडाले विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संदीप असाटी, सचिव रोटेरियन आशीष साहू, कोषाध्यक्ष रोटेरियन राजेश गांधी, रोटेरियन नरेन्दर सिंघ छाबड़ा, रोटेरियन सौरभ हरिनखेड़े, प्रेसिडेंट इलेक्ट रोटेरियन अंकित अग्रवाल, रोटेरियन राहुल जैन उपस्थित रहे।

क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि रोटरी क्लब सदैव सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा प्रकल्प निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# जिला अस्पताल में नर्स दिवस:उत्कृष्ट सेवा के लिए नर्सें सम्मानित

### सिविल सर्जन ने स्टाफ को सराहा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





द-लेडी विद द लैंप कही जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 12 मई को जिला अस्पताल में मनाया गया। इस अवसर पर सीएचएमओ डॉ. परेश उपलप और सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन की उपस्थिति में नर्सों की निस्वार्थ सेवाओं को याद किया गया।

सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि 400 बिस्तरों वाले जिला अस्पताल में लगभग 175 नियमित, 26 एनआरएचएम और 5 पुरुष स्टाफ कार्यरत हैं। कई नर्सों के आकस्मिक अवकाश पर होने के बावजूद, लगभग सवा सौ नर्सें मरीजों को बेहतर नर्सिंग सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

विगत दस वर्षों से जिला अस्पताल में नर्स के रूप में सेवा दे रही अनुपमा सरभांग ने बताया कि नर्सें कठिन परिस्थितियों में मरीजों की सेवा कर रही हैं। खासकर रात्रि ड्यूटी के दौरान, वे अपने छोटे बच्चों और परिवार को छोड़कर कर्तव्य को प्राथमिकता देती हैं।

इसके बावजूद, उन्हें कार्यस्थल पर कई बार मरीजों के परिजनों की नाराजगी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास बिना किसी रंग या जाति के भेदभाव के मरीजों को स्वस्थ करना होता है, लेकिन कई बार परिजन इस बात को नहीं समझते। अनुपमा ने यह भी बताया कि विदेशों की तुलना में देश में नर्सों को कम सम्मान मिलता है, जबकि वे मां के बाद मरीज की दूसरी मां के रूप में सेवा करती हैं।

# तेंदूपत्ता संग्राहक पर वन्य प्राणी भालू ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



मंगलवार की सुबह तिरोड़ी तहसील के अंबेझरी के कक्ष क्रमांक 569 में तेंदूपत्ता संग्राहक पर वन्य प्राणी भालू ने अचानक हमला कर घायल कर दिया। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। वन विभाग के अनुसार घायल व्यक्ति का नाम बीरसिंह पिता अर्जुन कोकोड़े उम्र 31 वर्ष है, जो रोज़ाना की तरह मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 7 बजे जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गया था। बीरसिंह जंगल में पत्ते तोड़ रहा था, तभी झाड़ियों से निकलकर एक भालू ने उन पर अचानक से हमला कर दिया। भालू के हमले से संग्राहक गंभीर रूप से घायल हो गया। जंगल में मौजूद अन्य संग्राहकों ने शोर मचाकर भालू को भगाया और हमले में घायल बीरसिंह को सुरक्षित जंगल से बाहर निकाला। घायल बीरसिंह को तुरंत ग्रामीणों की मदद से कटंगी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार दिया। लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण घायल को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद अंबेझरी गांव के ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। दरअसल, अंबेझरी गांव में कुछ महीने पहले ही वन्य प्राणी बाघ की चहलकदमी थी। इस गांव का एक किसान बाघ के हमले का शिकार हुआ था। जिसके बाद घायल शख्स की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने अंबेझरी गांव में जमकर विरोध जताया था। वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों से मारपीट तक हुई थी। अभी बाघ का आंतक थमा हुआ है किंतु तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के बीच भालू के हमले की घटना ने ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया है।

गौरतलब हो कि इन दिनों जंगल में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य तेजी से चल रहा हैं ऐसे में बड़ी संख्या में संग्राहक रोजाना जंगल जाते हैं। अब जंगल में भालू की मौजूदगी और हमले की घटना से ग्रामीण दहशत में हैं। इस बीच परिक्षेत्र सहायक ओ.पी.जगने ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को मानव समूह में रहकर तेंदूपत्ता तोड़ने और अंधेरे में जंगल ना जाने की अपील की है। बता दें कि गर्मी के मौसम में पानी और भोजन की तलाश में वन्य प्राणी अक्सर मानव बस्तियों और संग्राहकों के संपर्क में आ जाते हैं। भालू, बाघ और तेंदुए के हमले की घटनाएँ पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी हैं। जानकारों की माने तो वन क्षेत्र में लगातार घटते प्राकृतिक संसाधन और मानवीय गतिविधियों के कारण वन्य प्राणियों के सामने भोजन का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और ईमारती लकड़ी सागौन के बढ़ते प्लांटेशन ने जंगल की पारिस्थितिकी को असंतुलित कर दिया है। जिस कारण भोजन की कमी से वन्य प्राणी अपने प्राकृतिक आवास से बाहर निकलकर गांवों और कस्बों की ओर रुख कर रहे हैं। वहीं शाकाहारी वन्य प्राणी पौधों की अनुपलब्धता से कमजोर हो रहे हैं।

## 13 मई को लाडली बहना को मिलेगी 36वीं किश्त

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मई को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की 36वीं किश्त की राशि बहनों के खाते में हस्तांतरित करेंगे। गोटेगांव में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की 01 करोड 25 लाख 22 हजार 542 लाडली बहनों के खाते में 1835 करोड 67 लाख 29 हजार 250 रुपए की राशि सिंगल क्लिक से हस्तांतरित करेंगे। इसमें बालाघाट जिले की 03 लाख से अधिक लाडली बहने भी शामिल है। 36वीं किश्त के रूप में लाडली बहनों के खाते में 15-15 सौ रुपए की राशि जमा होगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लाडली बहना योजना में 23,882.81 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया गया है, जो महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## बालाघाट में महिलाओं एवं बालकों की सुरक्षा संबंधी कानूनों पर जिला स्तरीय कार्यशाला 14 मई को

**बालाघाट।** बालाघाट में महिलाओं एवं बालकों की सुरक्षा तथा संबंधित कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 14 मई 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कलेक्टर कार्यालय बालाघाट के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित होगी।

कार्यशाला में "कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013", "लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO Act) 2012" तथा "पूर्व गर्भाधान एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम 1994 (PCPNDT Act)" के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रत्येक कार्यालय एवं संस्थान में आंतरिक परिवाद समिति (Internal Committee) के गठन की अनिवार्यता, POCSO अधिनियम की धारा-19 के अंतर्गत नियोजकों के दायित्व, अपराध की अनिवार्य सूचना देने संबंधी प्रावधान तथा SHe-Box Portal पर समितियों की जानकारी अपलोड करने की प्रक्रिया पर चर्चा की जाएगी।इसके अतिरिक्त PCPNDT अधिनियम के तहत भ्रूण लिंग परीक्षण एवं लिंग चयन पर प्रतिबंध संबंधी कानूनी प्रावधानों तथा उल्लंघन की स्थिति में दंडात्मक कार्रवाई की जानकारी भी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जाएगी।

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com